# PAPER-III
# MANAGEMENT

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.____________________________________

(In words)

**D 1 7 1 1**

Time : **2 $^1/_2$** hours] [Maximum Marks : **200**

Number of Pages in this Booklet : **32** Number of Questions in this Booklet : **19**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. Answer to short answer/essay type questions are to be given in the space provided below each question or after the questions in the Test Booklet itself.

   **No Additional Sheets are to be used.**
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
4. Read instructions given inside carefully.
5. One page is attached for Rough Work at the end of the booklet before the Evaluation Sheet.
6. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
7. You have to return the test booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
8. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
9. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. लघु प्रश्न तथा निबंध प्रकार के प्रश्नों के उत्तर, प्रत्येक प्रश्न के नीचे या प्रश्नों के बाद में दिये हुए रिक्त स्थान पर ही लिखिये । **इसके लिए कोई अतिरिक्त कागज का उपयोग नहीं करना है ।**
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
4. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
5. उत्तर-पुस्तिका के अन्त में कच्चा काम (Rough Work) करने के लिए मूल्यांकन शीट से पहले एक पृष्ठ दिया हुआ है ।
6. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
7. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और इसे परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
8. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
9. **किसी भी प्रकार का संगणक (केलकुलेटर) या लॉग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**

**MANAGEMENT**

**प्रबंधन**

**PAPER – III**

**प्रश्नपत्र – III**

**Note :** This paper is of **two hundred (200)** marks containing **four (4)** sections. Candidates are required to attempt the questions contained in these sections according to the detailed instructions given therein.

**नोट :** यह प्रश्नपत्र **दो सौ** (200) अंकों का है एवं इसमें **चार** (4) खण्ड हैं । अभ्यर्थी इनमें समाहित प्रश्नों के उत्तर अलग दिये गये विस्तृत निर्देशों के अनुसार दें ।

## SECTION – I
## खण्ड – I

**Note :** This section consists **two** essay type questions of **twenty (20)** marks each, each to be answered in about **five hundred (500)** words each. **(2 × 20 = 40 Marks)**

**नोट :** इस खण्ड में **बीस-बीस** अंकों के **दो** निबन्धात्मक प्रश्न हैं । प्रत्येक का उत्तर लगभग **पाँच सौ** (500) शब्दों में अपेक्षित है । **(2 × 20 = 40 अंक)**

1. Explain the concept and mechanics of collective bargaining.
सामूहिक सौदेबाजी की संकल्पना तथा क्रियाविधि की व्याख्या कीजिए ।

**OR / अथवा**

How are marketing practices changing due to increasing use of Internet as a medium of marketing ?
विपणन के एक माध्यम के रूप में इंटरनेट के बढ़ते हुए उपयोग के कारण विपणन व्यवहार कैसे परिवर्तित हो रहे हैं ?

**OR / अथवा**

Contrast the internal rate of return and net present value methods. Under what circumstances may NPV and IRR give comparable and conflicting results ?
प्रतिफल की आन्तरिक दर (आई आर आर) तथा निवल वर्तमान मूल्य (एन पी वी) की तुलना कीजिए । किन परिस्थितियों में एन पी वी तथा आई आर आर तुलनात्मक तथा परस्पर विरोधी निष्कर्ष उत्पन्न कर सकते हैं ?

**OR / अथवा**

Critically evaluate the role of EXIM Bank in the development and control of international banking business in India.
भारत में अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग व्यापार के विकास तथा नियंत्रण में एक्ज़िम बैंक की भूमिका का समालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए ।

2. State the significance of HRM in an organization and explain any HR Model.

किसी संगठन में एच आर एम के महत्त्व का उल्लेख कीजिए तथा किसी एच आर मॉडल की व्याख्या कीजिए ।

**OR / अथवा**

Bring out the fundamental issues that need to be addressed in Export Marketing.

निर्यात विपणन के लिए जिन मूलभूत मुद्दों पर ध्यान दिया जाना चाहिए उनका विवरण दीजिए ।

**OR / अथवा**

Does mergers lead to increase in a firm's value ? What financial considerations should a firm keep in view while acquiring a target firm ?

क्या विलय फर्म के मूल्य को बढ़ाता है ? एक लक्षित फर्म का अधिग्रहण करते समय एक फर्म को किन वित्तीय बातों को ध्यान में रखना चाहिए ?

**OR / अथवा**

Discuss the latest exchange and trade control guidelines that are applicable to the exporters and importers.

निर्यात कर्ताओं तथा आयात कर्ताओं पर लागू होने वाले नवीनतम विनिमय तथा व्यापार नियंत्रण दिशा निर्देशों की विवेचना कीजिए ।

## SECTION – II

## खण्ड – II

**Note :** This section contains **three (3)** questions from each of the electives/specializations. The candidate has to choose only **one** elective/specialization and answer all the **three** questions contained therein. Each question carries **fifteen (15)** marks and is to be answered in about **three hundred (300)** words. **(3 × 15 = 45 Marks)**

**नोट** : इस खण्ड में प्रत्येक ऐच्छिक इकाई/विशेषज्ञता से **तीन** (3) प्रश्न हैं । अभ्यर्थी को केवल एक ऐच्छिक इकाई/विशेषज्ञता को चुनकर उसी के **तीनों** प्रश्नों के उत्तर देने हैं । प्रत्येक प्रश्न **पन्द्रह** (15) अंकों का है व उसका उत्तर लगभग **तीन सौ** (300) शब्दों में अपेक्षित है । **(3 × 15 = 45 अंक)**

### Elective – I / विकल्प – I

3. Enumerate the steps in disciplinary enquiry.
अनुशासनात्मक जाँच में निहित चरणों को परिगणित कीजिए ।

4. Explain the training methods that address the issues connected with 'Interpersonal relationships.'
'अन्तर्वैयक्तिक सम्बन्धों' से जुड़े मुद्दों को सम्बोधित करने वाली प्रशिक्षण विधियों की व्याख्या कीजिए ।

5. What is job evaluation ? Explain the methods of job evaluation.
कार्य मूल्यांकन क्या है ? कार्य मूल्यांकन की विधियों की व्याख्या कीजिए ।

**OR / अथवा**

**Elective – II / विकल्प – II**

3. How has the Internet changed the way marketers use and practice customer relationship management ?
इंटरनेट ने किस प्रकार से विपणनकर्ताओं द्वारा प्रयुक्त तथा व्यवहृत उपभोक्ता संबंध प्रबंधन के तरीके को परिवर्तित किया है ?

4. What are the various research approaches that are put to use by marketing researchers in collection of the primary data ?
प्राथमिक डेटा के संग्रह हेतु विपणन के क्षेत्र के शोधकर्ता किन विभिन्न शोध उपागमों को अपनाते हैं ?

5. What work is performed by marketing channels ?
विपणन चैनलों द्वारा कौन से कार्य किए जाते हैं ?

**OR / अथवा**

**Elective – III / विकल्प – III**

3. What are the critical factors to be observed while making replacement investment decision and capital investment decision under capital rationing ?
पूँजीगत राशनिंग के अन्तर्गत पुनर्स्थापन निवेश निर्णय तथा पूँजीगत निवेश निर्णय लेते समय किन निर्णायक मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए ?

4. What is the objective of profit maximization pool ? How does it maximize value of a firm ?
प्रॉफिट मैक्सिमाइजेशन पूल का उद्देश्य क्या है ? एक फर्म की मूल्यवत्ता में यह कैसे महत्तम वृद्धि करता है ?

5. Discuss the main features of financial futures. How is currency futures different from stock index futures ?
वित्तीय फ्यूचर्स की प्रमुख विशिष्टताओं का विवेचन कीजिए । स्टॉक इंडेक्स फ्यूचर्स से करेंसी फ्यूचर्स किस प्रकार भिन्न है ?

**OR / अथवा**

**Elective – IV / विकल्प – IV**

3. Discuss the role of ECGC of India and how it supports export financing to help increase exports from the country.
भारत के ई सी जी सी की भूमिका का विवेचन कीजिए तथा यह बतलाइए कि अपने देश से निर्यात को बढ़ाने में यह किस प्रकार निर्यात के वित्त पोषण को समर्थन प्रदान करता है ?

4. Discuss important provisions of FEMA.
'फेमा' के महत्त्वपूर्ण प्रावधानों का विवेचन कीजिए ।

5. Write brief note on the following :

(a) Post-shipment finance

(b) Global Depository Receipts

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(अ) पोस्ट शीपमेन्ट फाइनेंस

(ब) ग्लोबल डिपोजिटरी रिसिप्ट्स

## SECTION – III

## खण्ड – III

**Note :** This section contains **nine (9)** questions of **ten (10)** marks each, to be answered in about **fifty (50)** words. **(9 × 10 = 90 Marks)**

**नोट :** इस खण्ड में **दस-दस** (10-10) अंकों के **नौ** (9) प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **पचास** (50) शब्दों में अपेक्षित है । **(9 × 10 = 90 अंक)**

6. Why do most firms produce multiple products ? Briefly explain the condition for profit maximization for a multiple product firm.

   अधिकतर फर्म बहुल (अनेक प्रकार के) उत्पादों का उत्पादन क्यों करते हैं ? एक बहुल उत्पादक फर्म के लिए मुनाफे में महत्तम वृद्धि की स्थितियों की व्याख्या कीजिए ।

7. Which of the theories of motivation are more related to knowledge workers in organizations ? Explain three of them.
अभिप्रेरण के कौन से सिद्धांत संगठनों में ज्ञानकर्मियों से अधिक संबंधित हैं ? इनमें से तीन की व्याख्या कीजिए ।

8. Explain three modern methods of training.
प्रशिक्षण की तीन आधुनिक विधियों की व्याख्या कीजिए ।

9. How is a firm valued under market value approach ?
बाजार मूल्य अभिगम के परिप्रेक्ष्य में एक फर्म का मूल्यांकन कैसे किया जाता है ?

10. What do you mean by the term ‘Brand Equity’ ?
‘ब्रॉड इक्विटी’ पद से आप क्या समझते हैं ?

11. What do you understand by the term production planning ? What are the steps associated with production planning and control ?

उत्पादन नियोजन पद से आप क्या समझते हैं ? उत्पादन नियोजन तथा नियंत्रण से संबद्ध चरण कौन से हैं ?

12. The chances that doctor A will diagnose a disease X correctly is 60%. The chances that a patient will die by his treatment after correct diagnosis is 40% and the chance of death by wrong diagnosis is 70%. A patient of doctor A, who had disease X, died. What is the chance that his disease was diagnosed correctly ?

डॉक्टर A द्वारा बीमारी X का सही निदान किए जाने की संभावना 60% तक होती है । सही निदान के उपरांत उपचार किए जाने वाले मरीज की मृत्यु की संभावना 40% तक होती है तथा गलत निदान के उपरांत मृत्यु की संभावना 70% तक होती है । डॉक्टर A के उपचार में X बीमारी से ग्रसित एक मरीज की मृत्यु हो गई । उसकी बीमारी के सही निदान की संभावना कितनी है ?

13. "Strategic analysis swings from external focus to internal focus or vice-versa." Discuss.

"व्यूहरचनापरक विश्लेषण बाह्य केंद्रबिन्दु से आंतरिक केंद्रबिन्दु के बीच अथवा आंतरिक केंद्रबिन्दु से बाह्य केंद्रबिन्दु के बीच झूलता है ।" विवेचन कीजिए ।

14. “Ethical choices are moral choices.” Comment.
“नीति संगत विकल्प नैतिक विकल्प होते हैं ।” टिप्पणी कीजिए ।

## SECTION – IV

## खण्ड – IV

**Note :** This section contains **five (5)** questions of **five (5)** marks each based on the following passage. Each question should be answered in about **thirty (30)** words.

**(5 × 5 = 25 Marks)**

**नोट :** इस खण्ड में निम्नलिखित परिच्छेद पर आधारित **पाँच** (5) प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **तीस** (30) शब्दों में अपेक्षित है । प्रत्येक प्रश्न **पाँच** (5) अंकों का है । **(5 × 5 = 25 अंक)**

In the red oceans, industry boundaries are defined and accepted and the competitive rules of the game are known. Blue oceans, in contrast, are defined by untapped market space, demand creation and the opportunity for highly profitable growth. It will always be important to swim successfully in the red ocean by out competing rivals. Red oceans will always matter and will always be a fact of business life. But with supply exceeding demand in more industries, competing for a share in contracting markets, while necessary, will not be sufficient to sustain high performance. Companies need to go beyond competing. To seize new profit and growth opportunities, they also need to create blue oceans. Unfortunately, blue oceans are largely uncharted. The dominant focus of strategy work over the past twenty-five years has been on competition based red ocean strategies. The result has been a fairly good understanding of how to compete skillfully in red waters, from analysing the underlying economic structure of an existing industry, to choosing a strategic position of low cost or differentiation or focus, to benchmarking the competition.

लाल महासागरों की संकल्पना में उद्योग-सीमाओं को परिभाषित तथा स्वीकृत किया जाता है तथा व्यापार के प्रतिस्पर्धात्मक नियमों जिन्हें लाल महासागरों की विलोम-तुलना में नीले महासागर कहा जाता है को उद्देदित बाजार-स्थान, माँग-सृजन तथा अति लाभप्रद विकास के द्वारा परिभाषित किया जाता है । प्रतिस्पर्धा में प्रतिद्वन्द्वियों को पछाड़ कर लाल महासागर में तैराकी करना अत्यंत महत्त्वपूर्ण है । लाल महासागर सदैव ही महत्त्वपूर्ण तथा व्यापारिक जीवन की वास्तविकता बने रहेंगे, परन्तु संकुचनशील बाजार में अपना हिस्सा बनाए रखने की प्रतिस्पर्धा में अनेक उद्योगों में माँग के अनुपात में अधिक आपूर्ति करना यद्यपि आवश्यक है, परन्तु निष्पादन की उच्च स्तरीयता को बनाए रखने के लिए यह पर्याप्त नहीं होगा । विकास एवं मुनाफे के नवीन अवसरों का प्रग्रहण करने के लिए उन्हें नीले महासागरों की व्यूहरचना का निर्माण करना होगा । दुर्भाग्यवश, नीले महासागर अधिकतर अपरगमित ही रहे हैं । पिछले पच्चीस वर्षों से अधिक समय से प्रतिस्पर्धा आधारित लालमहासागरीय व्यूहरचना ही व्यूहरचना से संबंधित सोच-विचार के केंद्र में रही है । इसके परिणामस्वरूप अनेक बातों की संतोषप्रद समझ विकसित हुई है, जिसमें, लाल महासागरों में प्रतिस्पर्धा में कैसे सफल होना है, किसी वर्तमान उद्योग में अंतर्निहित आर्थिक संरचना के विश्लेषण से लेकर कम लागत अथवा विभेदीकरण अथवा फोकस की व्यूहरचनात्मक स्थिति को चुनने की समझ से लेकर प्रतिस्पर्धा का मूल्यांकन निहित है ।

15. What is Blue ocean strategy ?
नीले महासागर की व्यूहरचना क्या है ?

16. Under what conditions blue ocean strategy is superior to red ocean strategy ?
किन स्थितियों में नीले महासागर की व्यूहरचना लाल महासागर की व्यूहरचना से उत्तम है ?

17. What are the pitfalls in competitive strategy ?
प्रतिस्पर्धात्मक व्यूहरचना की कमियाँ क्या हैं ?

18. Contrast between Red and Blue Ocean strategy.
लाल तथा नीले महासागर की व्यूहरचना की तुलना कीजिए ।

19. Discuss briefly the steps involved in the implementation of Blue Ocean strategy.
नीले महासागर की व्यूहरचना के क्रियान्वयन में निहित चरणों का विवेचन कीजिए ।

**Space For Rough Work**

| FOR OFFICE USE ONLY | |
|---|---|
| Marks Obtained | |
| Question Number | Marks Obtained |
| 1 | |
| 2 | |
| 3 | |
| 4 | |
| 5 | |
| 6 | |
| 7 | |
| 8 | |
| 9 | |
| 10 | |
| 11 | |
| 12 | |
| 13 | |
| 14 | |
| 15 | |
| 16 | |
| 17 | |
| 18 | |
| 19 | |

Total Marks Obtained (in words) ..........................................

(in figures) ........................................

Signature & Name of the Coordinator ..................................

(Evaluation) Date .........................